<u>राज्य सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 1915

04 दिसंबर, 2019 को उत्तर के लिए

सार्वजनिक क्षेत्र की रुग्ण इस्पात इकाइयां

1915. श्रीमती झरना दास बैद्यः

श्री सुशील कुमार गुप्ताः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में देश में सार्वजनिक क्षेत्र की रुग्ण इस्पात इकाइयों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार ने उक्त इकाइयों का पुनरुत्थान करने हेतु कोई कदम उठाये हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी संयंत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त कार्य को कब तक शुरू किये जाने की संभावना है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री (श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क) से (घ): इस्पात मंत्रालय के अधीन केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के दो इस्पात विनिर्माता उद्यम (सीपीएसई) हैं, नामतः स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) तथा राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल)। दोनों ही सीपीएसई रुग्ण सीपीएसई की श्रेणी में नहीं आते हैं।

****